भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2348

जिसका उत्तर 05.03.2020 को दिया जाना है

सड़क-कर का समान ढांचा

2348. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

श्री रघु राम कृष्ण राजूः

श्री गजानन कीर्तिकरः

श्री बिद्युत बरन महतोः

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः

श्री सुधीर गुप्ताः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या परिवहन संबंधी एक मंत्रिसमूह ने वाहनों के बीजक-मूल्य के आधार पर सभी राज्यों में वाहनों के लिए सड़क-कर की एक समान दर करने की सिफारिश की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने देश में कर-प्रणाली में व्याप्त विसंगति को समाप्त करने के लिए राज्यों से निजी वाहनों पर एक समान सड़क-कर लगाने के लिए कहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर राज्यों की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) देश भर में एक समान कराधान के संबंध में ऑटोमोबाइल उद्योग की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) क्या विगत वर्ष के दौरान वाहनों की बिक्री में गिरावट के लिए करगत विसंगति भी जिम्मेदार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.): श्री युनूस खान, परिवहन मंत्री, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में परिवहन मंत्रियों के समूह ने मोटर वाहन करों को तर्कसंगत बनाने और देश भर में वाहनों बाधारहित आवाजाही के लिए एक प्रणाली विकसित करने के लिए सभी राज्यों से सिफारिश की है। मोटर वाहनों के लिए सड़क कर नीति का मामला राज्य से संबंधित विषय है और केंद्रीय सरकार ने परिवहन विकास परिषद की बैठकों में इस मुद्दे पर राज्यों के साथ विचार-विमर्श किया है।

*****